ट्रक ऑपरेटरों के आंदोलन को सहकारी सभाओं का समर्थन

कहा- मांगों पर उचित निर्णय नहीं लिया तो और तेज होगा प्रदर्शन

हिमाचल दस्तक ▮ बिलासपुर

बरमाणा में माल भाड़े को लेकर ट्रक ऑपरेटरों एवं एसीसी सीमेंट कारखाना प्रबंधन के बीच चल रहा गतिरोध जहां रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वहीं अब इस आंदोलन को जेपी विस्थापित व प्रभावित सहकारी परिवहन सभा सहित अन्य सहकारी सभाओं ने भी समर्थन देने के लिए आगे आई है। इन सहकारी सभाओं ने अडाणी समूह को दोटूक शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ट्रक ऑपरेटरों की जायज मांगों पर कोई उचित निर्णय नहीं लिया तो वह इस आंदोलन को ओर तेज करेंगे।

▮ कहा- अडाणी ने सरकार से बिना बात किए कैसे बंद कर दिए कारखाने

यहां पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए जेपी सीमेंट उद्योग विस्थापित व प्रभावित सहकारी परिवहन सभा के महासचिव दौलत राम ठाकुर, ऋषि मार्कंडेय पूर्व सैनिक यूनियन के प्रधान सुरेंद्र राणा व कोहीनूर परिवहन सभा के प्रधान प्रेम सिंह ठाकुर ने कहा कि अदाणी समूह ने न तो एसीसी बरमाणा व अंबुजा दाड़लाघाट की तालाबंदी को लेकर प्रदेश सरकार से मंत्रणा की और न ही ट्रक ऑपरेटर परिवहन सभाओं के पदाधिकारियों से चर्चा की। बल्कि मनमाने पूर्ण तरीके से तालाबंदी कर दी। जिससे लगभग 15 हजार परिवारों पर रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया। वहीं, इससे मैकेनिक, टायर पेंचर व इससे जुड़े अन्य कारोबार करने वालों पर भी संकट पर आ गया है।

बरमाणा । प्रेसवार्ता के दौरान जेपी सीमेंट उद्योग विस्थापित व प्रभावित सहकारी परिवहन सभा के पदाधिकारी।

अल्ट्राटेक दे रहा ढुलाई के 10 रुपये 53 पैसे रेट

सहकारी परिवहन सभा ने अल्ट्राटेक भी ट्रक आपरेटरों को 10 रुपये 53 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से माल ढुलान की पेमेंट दे रहा है तो अडाणी क्यों नहीं दे सकता। अडाणी ने बिना किसी पूर्व सूचना के फैक्टरी में तालाबंदी कर दी।। इस अवसर पर कोहिनूर परिवहन सहकारी सभा के प्रधान प्रेम सिंह ठाकुर, ऋषि मार्कंडेय परिवहन सहकारी सभा के प्रधान कैप्टन सुरेंद्र राणा, कुलदीप ठाकुर, जागिंद्र ठाकुर व परमानंद शर्मा भी मौजूद रहे।

अडाणी समूह प्रदेश में 135 रुपये सीमेंट की बोरी बेचे तो हम भी कम कर देंगे किराया

जेपी सीमेंट उद्योग विस्थापित व प्रभावित सहकारी परिवहन सभा ने कहा कि अडाणी समूह वर्ष 2005 में दिए जाने वाले किराये के अनुसार माल भाड़ा देने की बात कर रहा है। उस समय सीमेंट की बोरी 135 की थी। यदि अदानी 135 में सीमेंट की बोरी बेचने को तैयार है तो ट्रक ऑपरेटर किराया कम करने बारे सोचेंगे। उस समय डीजल का रेट 35 रुपये था जो कि अब 82 रुपये हो गया है। उस समय 6 टायरों वाला ट्रक 7 लाख में आता था जो कि अब 30 लाख में आ रहा है। तत्कालीन समय टायर का जोड़ा 12 हजार का था जो कि अब 36 हजार का आ रहा है। ऐसे में किराया कम करना तर्कसंगत नहीं है। उन्होंने कहा कि अडाणी दोनों सीमेंट कंपनियों में कार्यरत ट्रकों को अपने अधीन ले ले और डीजल और ट्रक चालकों की पगार दे तथा ट्रक ऑपरेटरों को महीने की एक निश्चित रकम दे। तब पता चलेगा कि ट्रक कैसे चलते हैं।

रोष रैली निकाली

बरमाणा। बरमाणा में आंदोलनरत ट्रक आपरेटरों बुधवार को ने रोष रैली निकालकर 2 घंटे धरना दिया। धरने को करते हुए बीडीटीएस के प्रधान राकेश ठाकुर, पूर्व प्रधान लेखराम वर्मा, सुरेश चौधरी सहित अन्य नेताओं ने कहा यदि प्रशासन व सरकार ने शीघ्र कोई हल न निकाला तो ऑपरेटर चुप नहीं बैठेंगे। यदि अदानी ने अपने बयान के तहत यहां पर बाहर से ट्रक मंगवाकर चलाने की कोशिश की तो आपरेटर 1984 का इतिहास दोहराने से भी पीछे नहीं हटेंगे। ▮*हिमाचल दस्तक*

सीमेंट कारखानों की तालाबंदी पर पूर्व सैनिकों ने किया विरोध-प्रदर्शन

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

बरमाणा व दाड़लाघाट में स्थित सीमेंट फैक्टरियों को फैक्टरी प्रबंधन द्वारा तुगलकी फरमान पर बंद करने के मुद्दे पर पूर्व सैनिक ट्रक ऑपरेटर यूनियन ने रोष प्रकट करते हुए धरना-प्रदर्शन किया है।

पूर्व सैनिक ट्रक ऑपरेटर यूनियन इकाई हमीरपुर ने बुधवार को भोटा चौक से लेकर गांधी चौक तक विरोध प्रदर्शन करते हुए रैली निकाली। इस दौरान यूनियन ने अडाणी ग्रुप के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और सरकार से इस मामले में मध्यस्थता कर उचित समाधान की मांग भी की है। इसके उपरांत पूर्व सैनिक ट्रक ऑपरेटर यूनियन ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भी भेजा है। यूनियन का कहना है कि कंपनी प्रबंधन ने बिना कोई पूर्व नोटिस दिए ही बरमाणा व दाड़लाघाट स्थित सीमेंट फैक्टरियों की तालाबंदी कर दी है जो कि सरासर गलत ही नहीं बल्कि गैर कानूनी भी है। जिला प्रशासन व सरकार को कंपनी प्रबंधन के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करना चाहिए। पूर्व सैनिक ट्रक ऑपरेटर यूनियन के नेताओं ने सभी लोगों से एकजुटता से इस मामले को लेकर आगे आने की बात कही है।

▮ डीसी के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

अब राकेश ठाकुर होंगे बीडीटीएस के प्रधान

बिलासपुर। प्रदेश उच्च न्यायालय में बीडीटीएस के पूर्व प्रधान जीत राम गौतम द्वारा दायर की गई याचिका खारिज होने के बाद प्रधान पद की कमान राकेश ठाकुर रॉकी के हाथों में आ गई है। प्रदेश उच्च न्यायालय ने जीतराम गौतम गुट द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है तथा सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं बिलासपुर को आगामी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जिससे अब राकेश ठाकुर गुट को मान्यता मिल जाएगी। गौरतलब है कि बीते 5 दिसंबर को बीडीटीएस की मौजूदा कार्यकारिणी के खिलाफ हुई बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ था। यह बैठक बरमाणा में सहकारी सभाएं बिलासपुर के निरीक्षक राम प्रकाश व दिनेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुई थी। इस बैठक में सभा के 21 सदस्य मौजूद रहे। बैठक में सभा के रुष्ट 13 सदस्यों ने मौजूदा कार्यकारिणी के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पेश किया, जिस पर सभा के 8 सदस्य बैठक छोड़कर चले गए थे। उसी दिन राकेश ठाकुर को नई कार्यकारिणी का प्रधान और जय सिंह ठाकुर को उपप्रधान चुना गया था। इस पर जीतराम गौतम गुट ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

ऋण आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाएं बैंक अधिकारी : एडीसी

जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक में दिए निर्देश

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को यहां हमीर भवन में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एडीसी जितेंद्र सांजटा ने की। इस त्रैमासिक बैठक में गत 30 सितंबर को समाप्त हुई दूसरी तिमाही के दौरान बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा वर्तमान तिमाही में इनकी प्रगति को लेकर व्यापक चर्चा की गई।

▮ पुराने ऋणों की वसूली को प्रभावी कदम उठाएं बैंक

इस अवसर पर एडीसी ने बैंक अधिकारियों को ऋण आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाने तथा अधिक से अधिक लोगों को बैंकों से ऋण लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में वित्तीय समावेश पर विशेष बल दिया जाना चाहिए। इससे जिले के ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशो) में सुधार होगा और आम लोग बैंकिंग एवं विभागीय योजनाओं का भरपूर लाभ उठा सकेंगे तथा जिला में स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि पुराने ऋणों की समयबद्ध वसूली के लिए भी बैंक अधिकारी प्रभावी कदम उठाएं। एडीसी ने कहा कि वर्ष 2022-23 की वार्षिक ऋण योजना में 1791 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया गया है और दूसरी तिमाही की समाप्ति तक करीब 997 करोड़ रुपये के ऋण आवंटित किए जा चुके हैं जो कि वार्षिक लक्ष्य का 55.66 प्रतिशत है। दूसरी तिमाही की समाप्ति तक जिले के सभी बैंकों की कुल जमा राशि 12443.78 करोड़ रुपये और कुल ऋण राशि 3006.26 करोड़ रुपये रही। यानी जिला का ऋण-जमा अनुपात 24.16 प्रतिशत रहा। एडीसी ने बैंक अधिकारियों से कहा कि ऋण-जमा अनुपात में सुधार तथा अधिक से अधिक लोगों तक बैंकिंग योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए वे विभागीय अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करें तथा सरकारी योजनाओं के संभावित लाभार्थियों के ऋण के मामलों को तुरंत मंजूरी प्रदान करें। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के एलडीओ भरत राज आनंद, नाबार्ड के डीडीएम सतपाल चौधरी, जिला परिषद अध्यक्ष बबली, सभी बैंकों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते एडीसी जितेंद्र सांजटा।

1702.81 करोड़ रुपये की संभाव्यता युक्त ऋण योजना का विमोचन किया

इस अवसर पर एडीसी ने भारतीय रिजर्व बैंक, भारत सरकार की लीड बैंक स्कीम के तहत नाबार्ड द्वारा जिला हमीरपुर के लिए वित्त वर्ष 2023-24 के लिए तैयार की गई 1702.81 करोड़ रुपये की संभाव्यता युक्त ऋण योजना का विमोचन भी किया। यह इस वित्त वर्ष की तुलना में 5.02 प्रतिशत अधिक होगी। बैठक में पंजाब नेशनल बैंक मुख्य अग्रणी जिला प्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा ने वित्त वर्ष 2022-23 की वार्षिक ऋण योजना की दूसरी तिमाही की उपलब्धियों तथा विभिन्न योजनाओं के संबंध में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

टौणीदेवी में आदर्श सारथी रोड सेफ्टी क्लब का गठन

हिमाचल दस्तक ▮ टौणीदेवी

भारत में प्रतिवर्ष करीब 1.5 लाख लोग सड़क हादसों में अपनी जान गंवा देते हैं। हालांकि स्कूली छात्र बड़ी संख्या में प्रतिदिन सड़क का इस्तेमाल करते हैं। उन्हें मौजूदा आयु और भविष्य के लिए सड़क के नियमों की जानकारी होना बहुत आवश्यक है। यातायात के नियमों का पालन करने की वजह से बहुत सी घटनाएं ऐसी होती है जिनसे बचा जा सकता है।

इसी को मद्देनजर रखते हुए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणीदेवी में आदर्श सारथी रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है ताकि छात्रों के साथ-साथ क्षेत्र के नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। प्राधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने बताया कि जीवन अनमोल है और उसकी रक्षा करना हम सभी का कर्त्तव्य है। सड़क के नियम हमारी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं। हमें भी एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में सड़क के नियमों का पालन करना चाहिए जिससे न केवल हम सुरक्षित रहेंगे बल्कि दूसरे लोग भी सुरक्षित रहेंगे। इस क्लब के नोडल अधिकारी संजय ठाकुर ने बच्चों को जागरूक करते हुए उनको यातायात के नियमों का सख्ती से पालन करने को कहा। इस कार्यक्रम में सभी बच्चों और अध्यापकों को सड़क सुरक्षा पर शपथ भी दिलाई गई।

वाद-विवाद प्रतियोगिता में आदित्य प्रथम

इस अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें आदित्य प्रथम, अंजलि द्वितीय, इशिता, रुचि व चेतना तृतीय स्थान पर रही। पेंटिंग प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में प्रथम शगुन, द्वितीय अनिरुद्ध, तृतीय चेतना व आदित्य,सीनियर वर्ग में प्रथम शराली, द्वितीय संजली, तृतीय अनुराधा, नारा लेखन में चेतना प्रथम, द्वितीय तानिया और अंशिका तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर सभी बच्चों को पर इनाम भी वितरित किए गए।

स्मार्ट कंप्यूटिंग से जुड़ रहा हर क्षेत्र : प्रो. ललित अवस्थी

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में 'स्मार्ट टेक्नोलॉजीज' विषय पर आयोजित व्याख्यान में उपस्थित छात्र।

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

स्वास्थ्य, शिक्षा, ट्रैफिक कृषि सहित हर क्षेत्र में अब स्मार्ट तकनीक को विशेष स्थान बनाया है। स्मार्ट कंप्यूटिंग से सभी चीजें जुड़ रही हैं, जिसके कारण तकनीक के क्षेत्र आए दिन नवाचार हो रहा है। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में आयोजित व्याख्यान में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान उत्तराखंड के निदेशक प्रो. ललित कुमार अवस्थी ने कही।

प्रो. अवस्थी ने तकनीकी विवि के इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी स्कूल के 'स्मार्ट टेक्नोलॉजीज' विषय पर आयोजित व्याख्यान में बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। कार्यक्रम में तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान और अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने स्मार्ट कंप्यूटिंग के बारे में विद्यार्थियों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का उदाहरण देते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट में किसी प्रकार एक शहर को विकसित करने में स्मार्ट कंप्यूटिंग का प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने स्मार्ट कंप्यूटिंग के समक्ष आने वाली चुनौतियों के बारे में समझाया। व्याख्यान में तकनीकी विवि के बीटेकए एमटेक और एमसीए विभाग के प्राध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

▮ तकनीकी विश्वविद्यालय में 'स्मार्ट टेक्नोलॉजीज' विषय पर दिया व्याख्यान

व्याख्यान से नई चीजें सीखते हैं विद्यार्थी

तकनीकी विवि के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने कहा कि इस प्रकार के व्याख्यान से विद्यार्थियों को नई चीजें सीखने को मिलती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से व्याख्यान के अंत में विषय से संबंधित प्रश्न पूछने या कुछ नया जानने की प्रवृत्ति को विकसित करने का आग्रह किया। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे विषयों में व्यापक चर्चा करनी चाहिए, जिससे उनका समग्र विकास हो सके।

2032 तक 60 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन का लक्ष्य हासिल करेगी एनटीपीसी : कुलविंद्र

हिमाचल दस्तक ▮ बरमाणा

एनटीपीसी कोलडैम के महाप्रबंधक इंजीनियर कुलविंद्र सिंह ने कहा कि एनटीपीसी 2032 तक 60 हजार मेगावॉट विद्युत मेगावाट का लक्ष्य हासिल करेगा। जिसका 50 प्रतिशत लक्ष्य सोलर व विंड एनर्जी से प्राप्त किया जाएगा। इस दिषा में सरकार द्वारा दिए लक्ष्य के आधार पर प्रयास जारी है। वह यहां पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ग्रीन पावर प्लांट पर बहुत जोर है। एनटीपीसी कंपनी का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकार के साथ कमिटमेंट है कि ग्रीन हाउसेस को कम करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। एनटीपीसी द्वारा लेह में हाइड्रोजन का प्लांट स्थापित किया जाएगा। जिससे वहां पर बसें चलेंगी। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी की कुल स्थापित क्षमता 70824 मेगावॉट है। एनटीपीसी कोलडैम ने कमिशनिंग से लेकर अब तक 24.51 बिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया गया है। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी कोलडैम को हिमाचल प्रदेश पर्यावरण लीडरशिप अवॉर्ड 2021-22 का प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एनटीपीसी कोलडैम द्वारा परियोजना प्रभावित गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है, तथा लोगों के जीवनशैली में परिवर्तन को अपनी प्राथमिकता मानती है। एनएसआईसी, मंडी के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों में युवाओं, महिलाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिसमें कढ़ाई बुनाई, कंप्यूटर व हस्तशिल्प आदि मुख्य है। इसके अलावा एनटीपीसी कोलडैम द्वारा परियोजना के आसपास के गांवों में निःशुल्क स्वस्थ्य परिक्षण का आयोजन किया गया।

▮ लेह में भी हाइड्रोजन प्लांट स्थापित करेगी एनटीपीसी

प्रभावित क्षेत्रों में करवाए जा रहे कार्य बताए

एनटीपीसी कोलडैम के महाप्रबंधक इंजीनियर कुलविंद्र सिंह ने कहा कि एनटीपीसी द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में करवाए जा रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर दिग्विजय प्रसाद सिंह, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सुरेंद्र कुमार गर्ग उपमहाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएं) तथा राजीव कुमार सहदेव, वरिष्ठ प्रबंधक (पुनः स्थापना तथा पुनर्वास), अविनाश पाठक, प्रबंधक मानव संसाधन तथा उपस्थित रहे।

पहाड़ी निबंध लेखन में द मैग्नेट स्कूल की छात्रा तीसरे स्थान पर

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश जिला हमीरपुर द्वारा 'पहाड़ी सप्ताह' के अवसर पर नारा लेखन, निबंध लेखन एवं वीडियो निर्माण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। जिसमें द मैग्नेट पब्लिक स्कूल हमीरपुर की नवमी कक्षा की छात्रा आकांक्षा ने निबंध लेखन मे तृतीय स्थान प्राप्त किया और 500 रुपये पुरस्कार राशि हमीरपुर के भाषा अधिकारी से प्राप्त की। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने आकांक्षा को बधाई दी और भविष्य में भी उन्हें ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

▮ प्रिंसिपल ने नौवीं कक्षा की आकांक्षा को दी बधाई

नृत्य प्रतियोगिता में दिवांशी ने मारी बाजी

हमीरपुर। द मैग्नेट पब्लिक स्कूल में मंडे एक्टिविटी के तहत पहली से पांचवीं कक्षा तक नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें प्रथम कक्षा से दिवांशी प्रथम, चारवी तथा समायरा द्वितीय, धनिका और आदित्य तृतीय स्थान पर रहे। दूसरी तथा तृतीय कक्षा से लवानया, अराध्या, यशवी, वशिंका तथा वरदान प्रथम रहे। नकुल, विहान द्वितीय तथा दिवांशी, अंशुल तृतीय रहे। चौथी कक्षा से रिवा, आरवी, प्रिया प्रथम तथा अंशिका, अनन्या, दिया द्वितीय रहे। पांचवीं कक्षा से समीक्षा, पायल, आर्यन, मन्नत प्रथम तथा महक,आरुषि, नेहा, वैष्णवी दूसरे स्थान तथा अवंतिका, अनिकेत, जाह्नवी तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने सभी बच्चों को बधाई दी।

द मैग्नेट पब्लिक स्कूल में मनाया विश्व तंबाकू दिवस

हमीरपुर। द मैग्नेट पब्लिक स्कूल में सोमवार को विश्व तंबाकू दिवस मनाया गया। इसके उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के विद्यार्थियों ने विशालकाय सिगरेट को जलाकर तंबाकू से दूर रहने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौहान ने विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों ओर उससे होने वाली बीमारियों से अवगत करवाया तथा स्कूल के सभी अध्यापकों ने इस कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थियों को तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

सीएम के फैसलों का समर्थन करती है कांग्रेस : प्रेम कौशल

हमीरपुर। प्रदेश को 75 हजार करोड़ रुपये के कर्ज के बोझ तले छोड़ने वाली बीजेपी सरकार के नेताओं को राजनीतिक लाभ लेने के नजरिये से बिना बजट के खोले गए कार्यालयों व संस्थानों को बंद करने के फैसले के ऊपर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। कांग्रेस पार्टी सरकार एवं मुख्यमंत्री के फैसलों का स्वागत करती है। यह बात प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रेम कौशल ने हमीरपुर में मीडिया को जारी बयान के माध्यम से कही है। प्रेम कौशल ने कहा कि राज्य बिजली बोर्ड 2 हजार करोड़ के घाटे में चल रहा है और कर्मचारियों को वेतन देने के लिए बोर्ड को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में वोटों की राजनीति के मद्देनजर पूर्व बीजेपी सरकार द्वारा खोले गए कार्यालयों और संस्थानों की समीक्षा कर वर्तमान सरकार ने प्रदेश की उन्नति के दृष्टिकोण से जो फैसले लिए हैं प्रदेश कांग्रेस सरकार के उन फैसलों का स्वागत करती है। साथ ही सरकार से यह भी आग्रह करती है कि इस समीक्षा के बाद लोगों की जरूरत अनुसार जहां भी आवश्यकता महसूस होती है वहां पर अतिरिक्त कार्यालय खोले।

ऑक्सफोर्ड स्कूल के छात्रों ने दसवीं कक्षा की मेरिट सूची में पाया स्थान

हिमाचल दस्तक ▮ हमीरपुर

ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में मेरिट सूची में आकर अपने स्कूल का नाम रोशन किया। नयन, अंकित, प्रियंका चौहान और पूनम को मेरिट सर्टिफिकेट द्वारा सम्मानित किया गया। इन बच्चों ने प्रदेश की मेरिट सूची में आकर न केवल अपने अध्यापक वर्ग और स्कूल बल्कि अपने माता-पिता का भी नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक ताराचंद चौधरी, अध्यक्ष डॉ. सुमन लता, चेयरमैन विकास दीक्षित व मुख्य अध्यापिका रेशमा दीक्षित ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और भावी परीक्षाओं में भी स्पर्धा के लिए तैयार रहने के लिए प्रेरित किया।

▮ प्रिंसिपल ने सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

दसवीं कक्षा की प्रदेश मेरिट सूची में स्थान हासिल करने वाले ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अध्यापकों के साथ।

विधायक आशीष शर्मा ने भंडारे में की शिरकत

हमीरपुर। विधानसभा क्षेत्र सदर से नवनियुक्त विधायक आशीष शर्मा ने बुधवार को बस अड्डा हमीरपुर के पास आयोजित भंडारे में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने भंडारे में सेवा की और लोगों को प्रसाद भी परोसा। इस दौरान उन्होंने भंडारा आयोजन कमिटी को बेहतरीन आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने बताया कि मंगलवार रात को माता के जागरण का आयोजन किया गया था जिसके बाद बुधवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सदर विधायक ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि भंडारे में शिरकत करने व सेवा करने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि यह भंडारा कई सालों से यहां पर लगता आ रहा है। जिसके लिए आयोजक कमिटी बधाई की पात्र है। उन्होंने कमिटी का भी आभार व्यक्त किया। इससे पहले विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के अन्य हिस्सों में आयोजित कई अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत की और लोगों के आशीर्वाद लिया।

आइनॉक्स विंड लिमिटेड

INOXWIND Greening INDIA

पंजीकृत कार्यालयः प्लॉट नं. 1, खसरा नं. 264 से 267, इंडस्ट्रीयल एरिया, गाँव बसल, जिला उना –174303, हिमाचल प्रदेश

सीआइएनः L31901HP2009PLC031083 | **टेलीफोन/फैक्सः** 01975 272001 | ई–मेलः investors.iwl@inoxwind.com | **वेबसाइटः** www.inoxwind.com

डाक मतपत्र की सूचना एवं रिमोट ई–वोटिंग की जानकारी

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 एवं 110 के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 ("नियम") के नियमन 20 एवं 22, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियमन 44 एवं 47, इंस्टिट्यूट ऑफ कम्पनी सेक्रेटरीज ऑफ इण्डिया द्वारा सामान्य बैठकों पर जारी सेक्रेटेरियल स्टैण्डर्ड–2 ("एसएस–2") तथा कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय ("एमसीए") एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा समय–समय पर उनके विभिन्न परिपत्रों एवं अधिनियमों, नियमों, विनियमों, परिपत्रों एवं अधिसूचनाओं (किसी भी वैधानिक संशोधन(ओं) अथवा तत्समय उनके पुनः अधिनियम सहित) के किसी भी अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार आईनॉक्स विंड लिमिटेड ("कम्पनी") के सदस्यों की स्वीकृति इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से ("रिमोट ई–वोटिंग") डाक मतपत्र सूचना दिनांकित 2 दिसम्बर, 2022, जो उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रेषित की गई है जिनके नाम कम्पनी के सदस्यों के रजिस्टर अथवा डिपॉजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में शुक्रवार, 16 दिसम्बर, 2022 ("कट–ऑफ तिथि") को दर्ज हो तथा जिनकी ईमेल आईडी कम्पनी/ रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट अर्थात् लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ("आरटीए") अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत है, में निर्धारित प्रस्ताव(ओं) पर मांगी गई है। कम्पनी ने बुधवार, 21 दिसम्बर, 2022 को व्याख्यात्मक वक्तव्य के साथ सूचना का प्रेषण पूर्ण कर लिया है।

डाक मतपत्र सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर www.inoxwind.com और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड (बीएसई): www.bseindia.com एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई): www.nseindia.com तथा सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) की वेबसाइटः www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

लागू एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कम्पनी मात्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (रिमोट ई–वोटिंग) द्वारा उक्त डाक मतपत्र में प्रस्तुत प्रस्ताव(ओं) पर वोट देने के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है। सदस्यों की सहमति या असहमति का संचार केवल रिमोट ई–वोटिंग प्रणाली के माध्यम से होगा। कम्पनी ने ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए एजेंसी के रूप में सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं।

वह व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर अथवा लाभार्थी स्वामीयों के रजिस्टर में कट–ऑफ तिथि को दर्ज है, केवल वही रिमोट ई–वोटिंग की सुविधा का लाभ उठाने हेतु अधिकृत होगा। रिमोट ई–वोटिंग हेतु सदस्यों/ लाभार्थी स्वामी(ओं) के वोटिंग अधिकार कट–ऑफ तिथि को कम्पनी की प्रदत्त इक्विटी शेयर पूँजी में उनके शेयरों के अनुपात में होगा। कट–ऑफ तारीख पश्चात् सदस्य बनने वाले व्यक्ति को इस सूचना को जानकारी मात्र के उद्देश्य से व्यवहृत करना चाहिए। सदस्य द्वारा एक बार डाले गए वोट को बाद में बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। रिमोट ई–वोटिंग की अवधि इस प्रकार हैः

रिमोट ई–वोटिंग का आरम्भ	शुक्रवार, 23 दिसम्बर, 2022 को प्रातः 09:00 बजे
रिमोट ई–वोटिंग का समापन	शनिवार, 21 जनवरी, 2023 को सायं 05:00 बजे

कृपया ध्यान दें कि शनिवार, 21 जनवरी, 2023 को सायं 5.00 बजे के उपरान्त रिमोट ई–वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं इसके पश्चात् सीडीएसएल द्वारा ई–वोटिंग सुविधा निष्क्रिय कर दी जाएगी। रिमोट ई–वोटिंग सहित भौतिक मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों या जिन्होंने अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं किया है के वोट डालने हेतु प्रक्रिया पर निर्देश डाक मतपत्र सूचना के हिस्से के रूप में प्रदान किए गए हैं।

घोषित परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ, मंगलवार, 24 जनवरी, 2023 को या उससे पूर्व कम्पनी तथा सीडीएसएल की वेबसाइटों पर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात् बीएसई तथा एनएसई को भी संचारित किए जाएंगे।

किसी भी प्रश्न/ शिकायत के मामले में, आप श्री राकेश दलवी, वरिष्ठ प्रबंधक–सीडीएसएल, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरेक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई–400013 को लिख सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdlindia.com पर ई–मेल भेजें या सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न अनुभाग देखें अथवा उनके टॉल फ्री नंबर 1800 22 55 33 पर कॉल करें।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते **आइनॉक्स विंड लिमिटेड**
हस्ता/–
(दीपक बांगा)
कम्पनी सचिव

स्थान : नोएडा
दिनांक : 21 दिसम्बर, 2022